# छठ पूजा में शामिल हुए मंत्री सारंग

## अस्ताचल सूर्य का किया पूजन, छठ व्रतियों को दी महा पर्व की शुभकामनाएं



भोपाल (काप्र)।

**सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने गुरूवार को छठ पूजन के अवसर पर नरेला विधानसभा अंतर्गत करोंद स्थित श्री काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचकर अस्ताचल सूर्य का पूजन किया।**

इस अवसर पर उन्होंने छठ व्रतियों को लोक आस्था के महापर्व की शुभकामनाएं भी प्रेषित की। मंत्री श्री सारंग ने सुभाष कालोनी, अशोका गार्डन, संजीव नगर, करोंद काशीविश्वनाथ मंदिर, राजेन्द्र नगर, एकता पुरी पार्क, सुभाष नगर, अन्ना नगर के शाखा ग्राउड सहित विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित छठ पूजा के कार्यक्रमों में छठ घाटों पर नागरिकों से भेंट कर शुभकामनाएं दी और छठ घाट पर छठ पर्व के आयोजन का अवलोकन भी किया। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि छठ पर्व हमें प्रकृति, संयम, श्रद्धा और समर्पण का संदेश देता है। सूर्य देवता और छठी मईया की आराधना में किया गया ये महापर्व हमारे जीवन में नई ऊर्जा, खुशहाली और सुख-समृद्धि का संचार करता है।

### छठ व्रतियों के लिये की गई विशेष व्यवस्था

मंत्री श्री सारंग के निर्देश पर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर सूर्य कुंडों का निर्माण व उन्नयन, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं महिलाओं के लिये चेंजिंग रूम की विशेष व्यवस्था की गई थी। छठ पूजन के अवसर पर नरेला विधानसभा के सभी जल कुंडों पर श्रद्धालुओं की विशेष भीड़ रहीं। व्रतियों ने भगवान भास्कर का विधि-विधान से पूजन कर सुखमय जीवन की कामना की। इस दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। उल्लेखनीय है कि नरेला विधानसभा क्षेत्र में बड़ी संख्या में भोजपुरी समाज के नागरिक निवासरत है। इसीलिये इस पर्व की भव्यता और भी बढ़ जाती है। चार दिनों तक चलने वाले छठ पूजा के महापर्व को प्रतिवर्ष नरेला विधानसभा में आस्था पूर्वक धूमधाम के साथ मनाया जाता है। वहीं छठ पर्व के अंतिम दिन सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही यह व्रत संपन्न हो जायेगा।

## छठ पूजा का पर्व सबके जीवन में सुख-शांति और समृद्धि लाए : डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भगवान सूर्य की उपासना एवं लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की समस्त प्रदेश व देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं मंगल कामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि छठ पूजा का भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व है। छठी मैया की कृपा सभी पर अनवरत बरसती रहे, सबके जीवन में सुख-शांति और समृद्धि का वास हो, यही कामना है। डॉ. यादव ने मीडिया को जारी संदेश में कहा कि बहनें छठ पर्व पर अपने सुहाग की दीर्घ आयु, परिवार में सुख-समृद्धि और आनंद की कामना के साथ भगवान सूर्य नारायण को अर्घ्य अर्पण कर अल्पाहार ग्रहण करती हैं। बहनें अपने जीवन को कष्ट में डालकर अपने पति की दीर्घायु के लिए कठिन साधना करती हैं, यह सनातन संस्कृति का वैशिष्ट्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में जिन तालाब, नदी, पोखर आदि के किनारे छठ मैया की पूजा होती है, वहां उपयुक्त साफ-सफाई और सुरक्षा के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

### भगवान सहस्त्रबाहु जयंती की बधाई दी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भगवान सहस्त्रबाहु जयंती की प्रदेशवासियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि भगवान सहस्त्रबाहु का जीवन पराक्रम और पुरूषार्थ भरा रहा है। सनातन संस्कृति में लोक आस्था और परम्पराओं का विशेष महत्व है। भगवान सहस्त्रबाहु की कृपा प्रदेशवासियों पर बनी रहे यही कामना है।



# शारदा सिन्हा के निधन से लोकजीवन की अपूरणीय क्षति हुई है : पांडे

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय मे 03 नवंबर 2009 को आवृति भवन के मुक्ताकाश मंच पर छठ बाद कार्यक्रम मे लोकगीतों की मशहूर गायिका, स्वरकोकिला पद्म विभूषण शारदा सिन्हा ने प्रस्तुति दी थी। आज छठ पुजा के अवसर पर लोगो ने उनको याद करते हुए कहा कि छठी मैया की कृपा उनके ऊपर थी। उस समय संग्रहालय के दीर्घा क्रमांक 05 मे छठ पूजा पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन कर बहुत खुश हुई थी, और संग्रहालय के निदेशक को धन्यवाद दिया था कि बिहार की लोकप्रथा को जनमानस के मन मे स्थापित कर वृहद रूप देकर छठ पूजा को जानने और समझने का मौका दे रहे है।

आज भारतीय वन प्रबंधब संस्थान के प्रो भास्कर सिन्हा एव उनकी पत्नी श्रीमती वाघमिता सिन्हा ने छठ पूजा दीर्घा मे विधि विधान से छठी मैया की पूजा किया । इस अवसर पर संग्रहालय के निदेशक प्रो अमिताभ पांडे ने कहा कि भोजपुरी की स्वरकोकिला श्रीमती शारदा सिन्हा के निधन से लोकजीवन की अपूरणीय क्षति हुई है। उनका स्थान कभी नहीं भरा जा सकता विशेष रूप से छठ पूजा के समय हुई घटना बताया और इसे छठी मैया की कृपा माना।श्रीमती शारदा सिन्हा के बहुमुखी गायन के योगदान पर बात करते हुए कहा कि उनकी गायकी आज भी हमारे दिलों में बसी हुई है। उनका निधन लोक संगीत और संस्कृति के लिए एक बड़ा नुकसान है। श्रीमती शारदा सिन्हा ने फिल्मों में भी अपनी गायकी से देश को गौरवान्वित किया और उनके गीत हमेशा हमारे बीच जीवित रहेंगे। तत्पश्चात श्रीमती शारदा सिन्हा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी और उनके योगदान को याद किया गया ।

संग्रहालय द्वारा संग्रहालय लोकरुचि व्याख्यान माला के अंतर्गत 08 नवंबर को प्रात: 11 बजे से 'न्यू म्यूजीयोलाजी एन इंटरोडकशन' विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन कर रहा है। इस व्याख्यान को बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय बनारस उत्तरप्रदेश के संग्रहालय विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो उषा रानी तिवारी संबोधित करेंगी। अध्यक्षता प्रो अमिताभ पांडे करेंगे ।

# हिंदी भवन में आज होगा विभिन्न क्षेत्र की विभूतियों का सम्मान

भोपाल (काप्र)।

**मध्य प्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति आठ नवंबर को हिंदी भवन में प्रदेश के प्रमुख समाज सेवियों का सम्मान कर रही है। पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि होंगे।**



सम्मानित विभूतियां में डॉ के इस बुधवानी भी शामिल हैं जो पूर्व डीन गांधी मेडिकल कॉलेज एवं विभाग अध्यक्ष शिशु रोग सर्जरी हैं। इन्होंने चिकित्सा क्षेत्र में निरंतर 50 वर्ष तक सेवाएं दी हैं।अनेक जटिल ऑपरेशन आपके द्वारा किए जा चुके हैं। डॉ के एस बुधवानी के अलावा जो विभूतियां सम्मानित हो रही हैं उनमें औषधीय पौधों से निर्मित दवाओं के प्रचार प्रसार में योगदान देने वाले राधाकृष्ण गुरु, वरिष्ठ पत्रकार रमेश शर्मा, गौ सेवक प्रहलाद दास मंगल, समाज सेवी सुनील जैन, हिंदी प्रचारक डॉ ललिता त्रिपाठी,शिक्षा और साहित्य जगत को समृद्ध करने वाली डॉ मंजूलता शुक्ल , बाल कल्याण और वकालत क्षेत्र में सक्रिय सुशील तापड़िया,शिक्षण,कला जगत और बाल साहित्य से जुड़ी श्रीमती श्यामा गुप्ता शामिल हैं। इन सभी को सामाजिक प्रणाम सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रभाषा प्रचार समिति ने दीपावली मिलन और सम्मान समारोह का एक साथ आयोजन किया है। यह कार्यक्रम 8 नवंबर ,शुक्रवार को शाम 5.00 बजे हिंदी भवन भोपाल में हो रहा है।



# हुतात्मा दिवस के उपलक्ष्य में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा जिला वीरसवरकर में रक्त दान

**भोपाल ( काप्र )।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल जिला वीरसावरकर में हुतात्मा दिवस के उपलक्ष्य में रक्त दान का आयोजन किया गया, यह आयोजन शहीद हुए कार्य सेवक कोठारी बंधुओं की याद में किया जाता है, इस अवसर पर दोनो कौठारी बंधुओं को श्रद्धांजलि दी गई, इस कार्यक्रम में उपस्थित, प्रांत सह संयोजक लोकेंद्र मालवीय, विभाग मंत्री जीवन शर्मा, विभाग संयोजक दिनेश यादव,जिला उपाध्यक्ष अजय खरे , जिला मंत्री नितिन साहू,जिला संयोजक अभिषेक शर्मा एंव जिला की सम्पूर्ण समिति ओर सातों प्रखंड के अध्यक्ष मंत्री संयोजक उपस्थित रहे, सभी कार्यकर्ताओं ने इस उपलक्ष्य में रक्त दान किया एवं सभी से निवेदन किया की अपने जीवन में रक्त दान अवश्य करें।

# शासकीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय में कैंपस ड्राइव का आयोजन

**भोपाल ( काप्र )।** शासकीय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय कोलार में गुरुवार को केंपस ड्राइव का आयोजन स्वामी विवेकानंद करियर गाइडेंस प्रकोष्ठ के द्वारा किया गया इस ड्राइव में टैली एक्सीलरेटर के द्वारा एरिया सेल्स मैनेजर, बिजनेस डेवलपमेंट, एग्जीक्यूटिव,



रिलेशनशिप मैनेजर एवं टेलीकॉलर की पोस्ट के लिए हायरिंग की गई । केंपस ड्राइव की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संजय तैलंग के शुभ आशीर्वचन से किया गया उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुऐ शुभकामनाएं दी ।इस कैंपस में प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ आशा वर्मा एवं टैली एक्सीलरेटर के एच आर मीर एवम राही खान ने विद्यार्थियों का चयन विभिन्न चरणों के द्वारा किया इस केंपस ड्राइव में तीस विद्यार्थियों की सहभागिता रही जिसमें आठ विद्यार्थी उपरोक्त पोस्ट के लिए शार्ट लिस्ट किए गए।

# विद्यार्थियों को श्रेष्ठ नागरिक बनाने के लक्ष्य को समर्पित है भारत स्काउट्स एंड गाइड्स : मुख्यमंत्री

**भोपाल ( काप्र )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि बौद्धिक एवं शारीरिक सामर्थ्य को अभिवर्धित कर विद्यार्थियों में अनुशासन, सेवाभाव, सहनशीलता, समर्पण और त्याग की भावना जागृत कराने वाला भारत स्काउट्स गाइड्स संगठन, राष्ट्रीय व मानवीय मूल्यों को संचारित कर विद्यार्थियों को श्रेष्ठ नागरिक बनाने के लक्ष्य को समर्पित है। संगठन का उद्देश्य सराहनीय है, यह प्रयास सतत् सफल हो, यही शुभेच्छा है।

**गोपाल व्यास के निधन पर शोक व्यक्त:** मुख्यमंत्री ने पूर्व राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक श्रद्धेय गोपाल जी व्यास के निधन पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूर्व राज्यसभा सांसद, मध्य क्षेत्र प्रचारक, क्षेत्र कार्यवाह सहित विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए श्रद्धेय गोपाल जी व्यास ने अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र एवं समाज के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगत की पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और परिजनों को यह गहन दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

## नवाचार और समाज की वास्तविक समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करें: प्रो. त्रिपाठी

**भोपाल ( काप्र )।** एनआईटीटीटीआर भोपाल को डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा मिलने के बाद संस्थान प्रथम पीएचडी बैच के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो. सी.सी त्रिपाठी ने कहा कि आप सभी इनोवेशन के साथ-साथ समाज के लिए उपयोगी रिसर्च पर फोकस करे। रिसर्च स्कॉलर्स नई प्रोसेस एवं प्रोडक्ट इनोवेशन से रिलेटेड रिसर्च कार्य करे। सिर्फ डिग्री पर ही नहीं अपनी क्षमता संवर्धन पर ध्यान केन्द्रित करे। हमारा संस्थान केवल ज्ञान की खोज के बारे में नहीं अपितु नए विचारों को उत्पन्न करने,



वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का समाधान करने और समाज की उन्नति में योगदान के लिए प्रतिबद्ध है। आप सभी को हमारे संस्थान के साथ-साथ देश के प्रतिष्ठित संस्थानों एवं उद्योगों में भी शोध कार्य करने का अवसर मिलेगा। इस यात्रा में आने वाली प्रत्येक चुनौती को एक अवसर के रूप में देखें। यह यात्रा आपकी विचारशीलता, अनुसंधान क्षमता, और समस्या सुलझाने की शक्ति को भी नया आयाम देगी। पीएचडी छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का उद्देश्य नए छात्रों को अनुसंधान प्रक्रिया, संस्थान की नीति, सुविधाओं और संसाधनों के बारे में जानकारी प्रदान करना था। विद्यार्थियों को संस्थान की लाइब्रेरी, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की प्रयोगशाला, शोध केन्द्र का भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर संस्थान के डीन प्रो. संजय अग्रवाल, प्रो. आर. के दीक्षित, प्रो. पी. के पुरोहित. प्रो. रमेश गुप्ता बुरेला, प्रो. मनीष भार्गव एवं अन्य फैकल्टी मेंबर्स उपस्थित थे।

# 19 हजार से अधिक गैस पीड़ितों के बनाये गये आयुष्मान कार्ड

**भोपाल ( काप्र )।** राज्य सरकार द्वारा भोपाल गैस पीड़ितों और उनके बच्चों को आयुष्मान 'निरामयम' मध्यप्रदेश योजना का लाभ दिया जा रहा है। इसके तहत गैस पीड़ितों एवं उनके बच्चों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे हैं। अब तक 19 हजार 317 से अधिक गैस पीड़ितों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। गैस पीड़ित मरीजों एवं उनके बच्चों को भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के अधीन संचालित 6 अस्पतालों एवं 9 औषधालयों में सभी प्रकार के उपचार एवं आवश्यकतानुसार सुविधाएँ नि:शुल्क दी जा रही हैं। साथ ही आयुष्मान भारत 'निरामयम' मध्यप्रदेश योजना के अंतर्गत प्रदेश के सभी अनुबंधित अस्पतालों में भी गैस पीड़ितों को उपचार सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। विशेष प्रकरणों में इस योजना में निर्धारित पैकेज के अतिरिक्त इलाज पर खर्च होने पर संबंधित अस्पताल को उसकी प्रतिपूर्ति गैस राहत विभाग द्वारा की जाती है। गैस पीड़ित मरीज एवं उनके बच्चों को किडनी, लीवर ट्रॉन्सप्लांट एवं अन्य प्रकार की गंभीर बीमारियों के उपचार के लिये विशेष प्रकरण मानते हुए मरीजों को आवश्यकतानुसार इलाज की सुविधा भी दी जा रही है। भोपाल गैस पीड़ित मरीजों एवं उनके बच्चों को कैंसर के उपचार के लिये गैस राहत विभाग द्वारा तीन निजी अस्पतालों एवं एम्स भोपाल के साथ अनुबंध भी किया गया है। यहाँ पीड़ितों को कैंसर के उपचार की नि:शुल्क सुविधा दी जा रही है। गैस राहत विभाग के अधीन संचालित सभी अस्पतालों में गैस पीड़ित मरीजों एवं उनके बच्चों के उपचार के लिये अत्याधुनिक इमरजेंसी यूनिट सातों दिन 24 घंटे संचालित की जा रही हैं।

**स्पेशल खबर** *इज्तिमा की तैयारियों पर अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने दिये निर्देश...*

# आयोजन स्थल पर की जा रही तैयारियों का लिया जायजा

भोपाल (काप्र)।

**सड़क, बिजली, पार्किंग, पेयजल सहित इज्तिमा आयोजन की सभी व्यवस्थाओं को समय पर करना सुनिश्चित करें। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) श्रीमती कृष्णा गौर ने यह निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने ईटखेड़ी में इज्तिमा आयोजन की तैयारियों का जायजा लेकर अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की।**





राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि भोपाल में मुस्लिम समाज का एक बड़ा आयोजन इज्तिमा होता है। इस आयोजन में देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। श्रद्धालुओं के आने-जाने और ठहरने के साथ अन्य सभी व्यवस्थाओं को संबंधित विभाग के अधिकारी जिम्मेदारी के साथ समय पर पूरा करेंगे। श्रद्धालुओं को आयोजन स्थल पर किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो। उन्होंने कहा कि 29, 30 नवम्बर एवं एक एवं 2 दिसम्बर को होने वाले आलमी तबलीगी इज्तिमा में शामिल होने वाले श्रद्धालु खुशी से वापस जायें, ऐसी व्यवस्थाएँ की जायें।

राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने विभागवार कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि आयोजन स्थल ईंटखेड़ी को जोड़ने वाले विभिन्न मार्गों और आयोजन स्थल के आंतरिक मार्गों के निर्माण में अपेक्षित प्रगति नहीं हैं। अधिकारी इस ओर ध्यान देना सुनिश्चित करें।

अगले एक हफ्ते में व्यवस्थाएँ होना चाहिये। उन्होंने पार्किंग, पार्किंग रैम्प, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा, सुरक्षा और साफ-सफाई व्यवस्थाओं पर विभिन्न अधिकारियों से चर्चा की। बैठक में बताया गया कि इज्तिमा आयोजन कमेटी के 25 हजार वॉलेंटियर्स आयोजन के दौरान 24म7 काम करते हैं। इस बार इज्तिमा में सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबंधित रखेंगे। आयोजन स्थल पर धूल नहीं उड़े, इसके लिये भी व्यवस्था की जायेगी। पर्याप्त साफ-सफाई के साथ सूखे और गीले कचरे को अलग-अलग कर गीले कचरे से खाद बनाने की पहल भी की जायेगी। बैठक में विधायक बैरसिया श्री विष्णु खत्री, अपर मुख्य सचिव अजीत केसरी, कलेक्टर भोपाल कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक भोपाल ग्रामीण प्रमोद कुमार सिन्हा, इज्तिमा आयोजन कमेटी के डॉ. उमर हफीज खान, आरिफ गौहर खान, श्री मुख्तार उद्दीन, सभी विभागों के जिला अधिकारी और आयोजन कमेटी के सदस्य मौजूद थे।